राम कहानी सुनो रे राम कहानी लिरिक्स

राम कहानी सुनो रे राम कहानी
कहत सुनत आवे अखियों में पानी

श्री राम जय जय राम
श्री राम जय जय राम

दशरथ के राज दुलारे,
कौशल्या की आँख के तारे
हो सूर्य वंश के सूरज,
हो रघुकुल के उज्जयारे
राजीव नयन बोले मधुभरी वाणी

शिव धनुष भंग प्रभु करके,
ले आए सीता वर के
घर त्याग भये वनवासी,
पित की आज्ञा सर धर के
लखन सिया ले संग,
छोड़ी रजधानी
राम कहानी सुनो रे राम कहानी

खल भेष भिक्षु का धर के,
भिक्षा का आग्रह करके
उस जनक सुता सीता को,
छल बल से ले गया हर के
बड़ा दुःख पावे राजा राम जी की रानी
राम कहानी सुनो रे राम कहानी

श्री राम ने मोहे पठायो,
मैं राम दूत बन आयो
सीता माँ की सेवा में
रघुवर को संदेसा लायो
और संग लायो प्रभु मुद्रिका निसानी
राम कहानी सुनो रे राम कहानी